इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 23] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 5 जून 2015—ज्येष्ठ 15, शक 1937

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 मई 2015

क्र. एफ-ए-5-10-2013-एक (1).—उच्च न्यायालय न्यायाधिपतिगण (सेवा शर्तें) अधिनियम 1954 की धारा 13 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के राज्यपाल जस्टिस श्री प्रकाश श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, इन्दौर खण्डपीठ, इन्दौर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत करते हैं:—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दि. 11-3-2015 से दिनांक 18-3-2015 तक.	08	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 10-3-2015 का सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

क्र. एफ-ए-5-04-2015-एक (1).—उच्च न्यायालय न्यायाधिपतिगण (सेवा शर्तें) अधिनियम 1954 की धारा 13 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के राज्यपाल जस्टिस श्री एम. के. मुदगल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार कम्युटेड अवकाश स्वीकृत करते हैं:—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दि. 6-4-2015 से दिनांक 7-4-2015 तक	02	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. कातिया, अपर सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 मई 2015

क्र. एफ 1(ए) 95-99-ब-2-दो.—श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, रीवा रेंज रीवा को दिनांक 25 मई से 6 जून 2015 तक, तेरह दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 24 मई 2015 एवं 7 जून 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ उपरोक्त अवधि में खण्डवर्ष 2014-17 के विस्तार वर्ष 2015 अन्तर्गत गृह नगर यात्रा के बदले सपरिवार लेह (लद्दाख) भारत भ्रमण की यात्रा के तहत अवकाश यात्रा पर परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज	—	स्वयं
2.	श्रीमती मधु मिन्ज	—	पत्नी
3.	जोशुवा मिन्ज	—	पुत्र
4.	श्री इनाया मिन्ज	—	पुत्री

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज, भापुसे का कार्य श्री आकाश जिन्दल, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, रीवा द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज, भापुसे, को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पुलिस उप महानिरीक्षक, रीवा रेंज रीवा के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, रीवा रेंज रीवा का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सोलोमन यश कुमार मिन्ज, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 26 मई 2015

क्र. एफ-1(ए) 199-91-ब-2-दो.—श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, पी.टी.आर.आई. पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 1 से 6 जून 2015 तक, कुल छ: दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री के. एल. मीणा, भापुसे, महानिदेशक, (विशेष अभियान) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, पी.टी.आर.आई. पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनी रहतीं.

भोपाल, दिनांक 27 मई 2015

क्र. एफ-1-35-2015-ब-2-दो.—श्री आर. एस. कौल, भापुसे, को मिड-केरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फेस-4, 2015 में सम्मिलित होने के लिए नामांकित किया गया है. उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 6 अप्रैल से 1 मई 2015 तक, एन.पी.ए. हैदराबाद में दिनांक 4 मई 2015 से 9 मई 2015 तक, यू. के. में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरान्त श्री आर. एस. कौल, भापुसे ने दिनांक 11 से 13 मई 2015 तक तीन दिवस का अर्जित अवकाश (एक्स इण्डिया लीव्ह) के रूप में दिनांक 10 मई 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नांकित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य (Hospitality) स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आर. एस. कौल, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस उप महानिरीक्षक (शिकायत), पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल श्री आर. एस. कौल, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. एस. कौल, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 22 मई 2015

क्र. एफ 1 (बी) 85-2014-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा के अन्तर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित परीक्षा 2013 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600—39100+5400/-में वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन) के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (4) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है:—

क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित मुख्य सूची का क्र.	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	17	श्री अजित नारायण गुप्ता, पुत्र श्री रामजीवन गुप्ता, जल विहार मंदिर के पास, कोर्ट बाजार, राठ, जिला हमीरपुर, उ. प्र. 201431.	जिला सीन आफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, दतिया.
2	20	श्री पंकज पाटीदार, 164, गणेश नगर, राधास्वामी आश्रम के सामने खण्डवा नाका, इंदौर म. प्र.	जिला सीन आफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, सागर.
3	26	डॉ. कल्पना वर्मा, वेटनरी हास्पीटल रोड, जवाहर कालोनी, बरेली रायसेन, म. प्र. - 464668	क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, भोपाल
4	34	श्रीमती शकुंतला गवली (सोलंकी), एच-1 क्वार्टर, कृषि विज्ञान केन्द्र, विक्रम नगर, रेल्वे स्टेशन के सामने, उज्जैन, म. प्र. - 456010.	राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, इन्दौर
5	35	डॉ. राजेन्द्र सिंह ठाकुर, 51 ए/जे. दौलत नगर, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, माण्डव रोड, धार, म. प्र. 454001.	राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, सागर

2. नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में कॉलम 04 में अंकित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

3. नवनियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 एवं मध्यप्रदेश न्यायालयिक प्रयोगशाला (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम-1993 से शासित होगी.सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अन्तर्गत निराकृत किये जायेंगे.

4. नवनियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

5. राज्य शासन के अधीन दिनांक 1 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

6. नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेंगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

7. परीवीक्षाधीन अधिकारियों द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक ''बाण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

8. नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत हैं, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजांच एवं अमांग प्रमाण पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

9. प्रत्याशियों को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के पुलिस अधीक्षक/संयुक्त निदेशक क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यालय/कार्यालय प्रमुख को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

10. मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की पृविष्टियां रोस्टर पंजी में कर दी गई हैं.

11. प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वगों को आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेशों का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा-6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

क्र. एफ 1 (बी) 83-2014-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा के अन्तर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित परीक्षा 2013 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600—39100+5400/-में वैज्ञानिक अधिकारी (जीवन विज्ञान) के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (4) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है:—

क्र. (1)	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित मुख्य सूची का क्र. (2)	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता (3)	पदस्थापना कार्यालय/स्थल (4)
1	14	श्री डॉ. अल्का मिश्रा, बी-119, पटेल नगर, सिटी सेन्टर, ग्वालियर म. प्र.-474002.	क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, ग्वालियर
2	16	श्रीमती स्वप्निला चौहान, ए-3/3, अशोक बिहार सेठी नगर के पास, सिटी बस स्टाप, उज्जैन म. प्र. - 456010.	क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, भोपाल
3	21	श्री महेन्द्र सिंह, द्वारा श्री बृजराज सिंह, एडवोकेट, म. नं. 16/1156, प्रज्ञा कुटीर, शक्ति नगर, रीवा म. प्र. - 486001.	जिला सीन आफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, पन्ना.
4	28	श्री आनंद नगपुरे, द्वारा प्रोफेसर राजिन्दर के गुप्ता, एफ एफ आर 209, ए-6 ब्लाक, यूनिवर्सिटी स्कूल आफ बायोटेक्नॉलाजी, जीजीएसआईपी, यूनिवर्सिटी द्वारका 166, नई दिल्ली-110078.	जिला सीन आफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, अनूपपुर.

(1)	(2)	(3)	(4)
5	29	श्री रामसिंह मुजाल्दा, 22/03 राजीव गांधी, पीजी हास्टल, एबी रोड, भंवरकुआं, इन्दौर म. प्र. 452001.	जिला सीन आफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, झाबुआ.
6	33	श्री बापूसिंह बघेल, ग्राम तलावड़ी, पोस्ट तलावड़ी, तहसील कुक्षी, जिला धार म. प्र.-454331.	जिला सीन आफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, बड़वानी

2. नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में कॉलम 04 में अंकित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

3. नवनियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 एवं मध्यप्रदेश न्यायालयिक प्रयोगशाला (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम-1993 से शासित होगी.सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अन्तर्गत निराकृत किये जायेंगे.

4. नवनियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

5. राज्य शासन के अधीन दिनांक 1 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

6. नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेंगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

7. परीवीक्षाधीन अधिकारियों द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक "बाण्ड" शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

8. नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत हैं, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजांच एवं अमांग प्रमाण पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

9. प्रत्याशियों को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के पुलिस अधीक्षक/संयुक्त निदेशक क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यालय/कार्यालय प्रमुख को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

10. मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की पृविष्टियां रोस्टर पंजी में कर दी गई है.

11. प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेशों का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा-6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. श्रीवास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2015

फा. क्र. 3(ए)2-2015-इक्कीस-ब-(एक) 1261.—राज्य शासन, उच्चतर न्यायिक सेवा के सदस्य श्री प्रदीप कुमार वर्मा, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल को उनके द्वारा दिनांक 10 अप्रैल 2015 को प्रस्तुत सूचना-पत्र के अनुक्रम में ऑल इंडिया सर्विसेस (डेथ-कम-रिटायरमेंट बेनेफिट) रूल्स, 1958 के नियम 16 (2-ए) सहपठित मध्यप्रदेश जिला एवं सेशन न्यायाधीश (डेथ-कम-रिटायरमेंट बेनेफिट) रूल्स 1964 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 के नियम 42 (1) सहपठित मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 के नियम-17 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होने के लिये अनुज्ञात किया जाता है तथा उन्हें दिनांक 30 अप्रैल 2015 के अपराह्न से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति प्रदान करता है.

भोपाल, दिनांक 13 मई 2015

फा. क्र. 17(ई)29-2014-1167-इक्कीस-ब (एक)-15.—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (1988 का सं. 49) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से एतद्द्वारा, नीचे दी गई सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट अपर सेशन न्यायाधीशों को उसके (सारणी के) कॉलम (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिए मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित अपराधों तथा स्पेशल टास्क फोर्स, भोपाल द्वारा अन्वेषित मामलों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायाधीश नियुक्त करता है:—

सारणी

अनुक्रमांक (1)	न्यायाधीश का नाम (2)	मुख्यालय का नाम (3)
1	श्री सुनील कुमार जैन, (सीनि). अपर सेशन न्यायाधीश, जबलपुर.	जबलपुर
2	श्री दिलीप कुमार मित्तल, अपर सेशन न्यायाधीश, इन्दौर.	इन्दौर
3	श्री सतीश चन्द्र शर्मा (जूनि), अपर सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.	ग्वालियर
4	श्री अरूण कुमार सिंह, छठवें अपर सेशन न्यायाधीश, रीवा.	रीवा
5	श्री प्रकाश चन्द्र, अपर सेशन न्यायाधीश, खण्डवा.	खण्डवा
6	श्री राकेश मोहन प्रधान, चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, मुरैना.	मुरैना
7	श्री देवेन्द्र देव द्विवेदी, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, दमोह.	दमोह
8	श्री राम गोपाल सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, छतरपुर.	छतरपुर
9	श्री पी. सी. गुप्ता, अपर सेशन न्यायाधीश, गुना.	गुना
10	श्री अजित सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, सागर.	सागर
11	श्री बी. एस. भदौरिया, अपर सेशन न्यायाधीश, भोपाल.	भोपाल
12	श्री अरूण कुमार वर्मा, अपर सेशन न्यायाधीश, भोपाल.	भोपाल
13	श्री भूपेन्द्र कुमार सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, भोपाल.	भोपाल
14	श्री दिनेश प्रसाद मिश्रा, अपर सेशन न्यायाधीश, भोपाल.	भोपाल
15	श्री धरमिन्दर सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.	ग्वालियर
16	श्री ललित किशोर, अपर सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.	ग्वालियर
17	श्री अनिल कुमार सोहाने, अपर सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.	ग्वालियर

F. No. 17(E) 29-2014-1167-XXI.-B-(One)15—In exercise of the powers conferred by sub-section 1 of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, appoints the Additional Sessions Judge specified in column (2) of

the table below to be Special Judge for area specified in the corresponding entry in column (3) thereof to try the cases relating to the offences in various examinations conducted by Madhya Pradesh Professional Examination Board and investigated by Special Task Force, Bhopal:—

TABLE

S. No. (1)	Name of Judge (2)	Head quarter (3)
1.	Shri Sunil Kumar Jain (Sr.) Additional Sessions Judge, Jabalpur	Jabalpur
2.	Shri Dilip Kumar Mittal, Additional Sessions Judge, Indore.	Indore
3.	Shri Satish Chandra Sharma (Jr.), Additional Sessions Judge, Gwalior.	Gwalior
4.	Shri Arun Kumar Singh, VIth Additional Sessions Judge, Rewa.	Rewa
5.	Shri Prakash Chandra, Additional Sessions Judge, Khandwa.	Khandwa
6.	Shri Rakesh Mohan Pradhan, IVth Additional Sessions Judge, Morena.	Morena
7.	Shri Devendra Deo Dwivedi, IInd Additional Sessions Judge, Damoh.	Damoh
8.	Shri Ram Gopal Singh, Additional Sessions Judge, Chhatarpur.	Chhatarpur
9.	Shri P. C. Gupta, Additional Sessions Judge, Guna.	Guna
10.	Shri Ajit Singh, Additional Sessions Judge, Sagar.	Sagar
11.	Shri B. S. Bhadoriya, Additional Sessions Judge, Bhopal.	Bhopal
12.	Shri Arun Kumar Verma, Additional Sessions Judge, Bhopal.	Bhopal
13.	Shri Bhupendra Kumar Singh,Additional Sessions Judge, Bhopal.	Bhopal
14.	Shri Dinesh Prasad Mishra, Additional Sessions Judge, Bhopal.	Bhopal
15.	Shri Dharminder Singh, Additional Sessions Judge, Gwalior.	Gwalior
16.	Shri Lalit Kishore, Additional Sessions Judge, Gwalior.	Gwalior
17.	Shri Anil Kumar Sohane, Additional Sessions Judge, Gwalior.	Gwalior

o

भोपाल, दिनांक 25 मई 2015

फा. क्र. 3(बी)1-2009-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन एतद्द्वारा सुश्री ऋतु चौहान, न्यायाधीश, वर्ग-2, बैतूल, मध्यप्रदेश का त्यागपत्र दिनांक 25 अप्रैल 2015 के अपराह्न से स्वीकृत करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव.

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 मई 2015

क्र. एफ.-9-2-2006-अट्ठावन.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के मेमोरेन्डम एण्ड आर्टिकल ऑफ ऐसोसिएशन के आर्टिकल्स-74(ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, श्री राधेश्याम जुलानिया, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्थान पर श्री प्रवीर कृष्ण, प्रमुख सचिव, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को संचालक मण्डल में सदस्य मनोनीत किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनुप कुमार मुण्डा, अवर सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 मई 2015

एफ-2-06-2015-तेरह.—विद्युत् मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांक 41-1-2015-RE, दिनांक 1 अप्रैल 2015 द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में विद्युत् अधिनियम, 2003 (क्रमांक 36, सन् 2003) की धारा 166 की उपधारा (5) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन द्वारा जिला समितियों के गठन हेतु जारी आदेश क्रमांक 5921, दिनांक 30 अगस्त 2005 को संशोधित करते हुए, जिला समितियों का निम्नानुसार पुनर्गठन किया जाता है :—

(1)	जिले के वरिष्ठतम माननीय सांसद	— अध्यक्ष
(2)	अन्य माननीय सांसद (यदि हों)	— सह अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष
(3)	जिलाध्यक्ष	— संयोजक
(4)	जिले के माननीय प्रभारी मंत्री	— सदस्य
(5)	जिले के माननीय विधायकगण	— सदस्य
(6)	पुलिस अधीक्षक	— सदस्य
(7)	अध्यक्ष/सभापति, जिला पंचायत	— सदस्य
(8)	विद्युत, कोयला तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत जिले में स्थित सेन्ट्रल पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के वरिष्ठतम प्रतिनिधि.	— सदस्य
(9)	संबंधित वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता.	— सदस्य सचिव
(10)	जिले में पदस्थ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन / मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अधिकारी.	— सदस्य
(11)	जिले में जिलाध्यक्ष द्वारा नामांकित उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि.	— सदस्य

2. संबंधित जिले के वरिष्ठतम माननीय सांसद, जिला समिति के अध्यक्ष तथा जिले में अन्य माननीय सांसद होने पर वे जिला समिति के सह अध्यक्ष/उपाध्यक्ष होंगे.

3. **विचारणीय विषय:**— जिले हेतु स्वीकृत दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY) एवं एकीकृत विद्युत विकास योजना (IPDS) सहित समस्त केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने हेतु सलाह एवं उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग, जिले में विद्युतीकरण के विस्तारण के समन्वय तथा पुनर्विलोकन, विद्युत प्रदाय की गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि के पुनर्विलोकन तथा ऊर्जा दक्षता एवं उसके संरक्षण को प्रोत्साहन.

4. जिला समिति की तीन माह में कम से कम एक बार जिला मुख्यालय पर बैठक आयोजित की जाएगी.

5. जिला समितियों की बैठक के कार्यवाही विवरण/प्रतिवेदन की प्रति अनिवार्य रूप से राज्य शासन के ऊर्जा विभाग एवं म.प्र. विद्युत नियामक आयोग को भेजी जाएगी।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. धारीवाल, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 मई 2015

क्र. एफ-9-3-2005-ब-सोलह.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 1 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम के उपबंधों का, जिनका कि मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-एक दिनांक 8 अगस्त 2014 में पूर्व प्रकाशन किया जा चुका है, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (1) में विनिर्दिष्ट स्थापनाओं के वर्गों तक विस्तार करती है, अर्थात्:—

अनुसूची

स्थापनाओं का विवरण	वे क्षेत्र जहां स्थापन स्थित है
(1)	(2)
निम्नलिखित स्थापन जिनमें दस या अधिक व्यक्ति नियोजित है, अथवा पिछले बारह महीनों में किसी दिन नियोजित थे अर्थात्:— 1. दुकान 2. होटल 3. रेस्तरां	सभी क्षेत्र जहां कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) के उपबंध अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (3) के अधीन पहले से ही लागू किये जा चुके हैं.

(1)	(2)
4. सड़क मोटर परिवहन स्थापन	
5. पूर्वदर्शन थियेटरों सहित सिनेमा घर	
6. कामकाजी पत्रकार (सेवा की शर्तें) तथा प्रकीर्ण प्रावधान अधिनियम, 1955(1955 का 45) की धारा 2 (घ) में यथापरिभाषित स्थापन.	
7. व्यक्तियों, न्यासियों, सोसायटियों, अथवा अन्य संगठनों द्वारा चलाए जाने वाले शैक्षिक संस्थान (सार्वजनिक, निजी सहायता प्राप्त अथवा आंशिक रूप से सहायता प्राप्त सहित).	
8. चिकित्सा संस्थान (निगमित, संयुक्त क्षेत्र, न्यास धमार्थ तथा निजी स्वामित्व वाले अस्पताल, नर्सिंग होम), निदान केन्द्र, रोग विज्ञान प्रयोग शाला.	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीनिवास शर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 28 मई 2015

क्र. एफ-9-3-2005-ब-सोलह.—भारत के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 28 मई 2015 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीनिवास शर्मा, उपसचिव.

Bhopal, the 28th May 2015

No. F-9-3-2005-B-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (5) of Section 1 of the Employees State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), the State Government hereby extends the provision of the said Act, which has previously been published in Madhya Pradesh Gazette, Part-1 dated 8th August, 2014 to the classes of establishments specified in column (1) of the Schedule given below, namely:—

SCHEDULE

Description of establishments (1)	the Areas in where the establishments are situated (2)
The following establishment wheron ten or more persons are employed, or were employed on any day of the preceding twelve month, namely:—	All areas where the provisions of the employees State Insurance Act, 1948 (34 of 1948, have alrealdy been brought into force under sub-section force under sub-section (3) of section 1 of the Act.
I Shops :	
ii Hotels :	
iii Restaurants :	
iv Road Motor Transport establishments :	
v Cinemas including preview theatres :	
vi Newspaper establishments as defined in Clause (d) of section 2 of the working Journalists (Conditions of Service) and Miscellaneous Provisions Act, 1955 (45 of 1955) ;	
vii Educational Institutions (including public, private, aided or partially aided) run by individuals, trustees, societies or other organizations.	
viii Medical Institutions (including corporate, Joint sector, trust, charitable and private Owenership hospital, nursing homes) Diagnostic centers, pathological labs.	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
SHRINIWAS SHARMA, Dy. Secy.

नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 मई 2015

क्र. एफ 3-9-2015-अठारह-5.—राज्य शासन एतद्द्वारा विभागीय आदेश क्रमांक-एफ-3-16-1999-32, दिनांक 22 फरवरी 1999 के द्वारा इटारसी विकास योजना हेतु मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17 (क) (1) के अन्तर्गत गठन किया गया था. उक्त समिति को निम्नानुसार पुनर्गठन किया जाता है. यह समिति मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17-क (2) सह पठित मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2012 के नियम 12 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17(क) (1) खण्ड		व्यक्ति का नाम/पद	संस्था/पता	समिति में पद
(1)		(2)	(3)	(4)
(क)		अध्यक्ष	नगरपालिका परिषद् इटारसी (मेहरागांव एवं सोनासांवरी का आंशिक भाग)	सदस्य
(ख)		अध्यक्ष	जिला पंचायत, होशंगाबाद	सदस्य
(ग)		सांसद	होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र	सदस्य
(घ)		विधायक	विधान सभा क्षेत्र होशंगाबाद एवं सिवनी मालवा	सदस्य
(ड)		अध्यक्ष	नगर तथा ग्राम निवेश विकास प्राधिकारी	कोई नहीं
(च)		1. अध्यक्ष	जनपद पंचायत, होशंगाबाद	सदस्य
		2. अध्यक्ष	जनपद पंचायत, केसला	सदस्य
(छ)	1.	सरपंच	ग्राम पंचायत, रेसलपुर	सदस्य
	2.	सरपंच	ग्राम पंचायत, सोनासांवरी	सदस्य
	3.	सरपंच	ग्राम पंचायत, ताराखेड़ा (धोखेड़ा)	सदस्य
	4.	सरपंच	ग्राम पंचायत, सनखेड़ा	सदस्य
	5.	सरपंच	ग्राम पंचायत, सोमलवाड़ा खुर्द	सदस्य
	6.	सरपंच	ग्राम पंचायत, घाटली	सदस्य
	7.	सरपंच	ग्राम पंचायत, जुझारपुर	सदस्य
	8.	सरपंच	ग्राम पंचायत, गोंचीतरोंदा	सदस्य
	9.	सरपंच	ग्राम पंचायत, पथरोटा	सदस्य
	10.	सरपंच	ग्राम पंचायत, भट्टी	सदस्य
	11.	सरपंच	ग्राम पंचायत, धुरपन	सदस्य
	12.	सरपंच	ग्राम पंचायत, भीलाखेड़ी	सदस्य
	13.	सरपंच	ग्राम पंचायत, बोरतलाई (बेगनिया)	सदस्य
	14.	सरपंच	ग्राम पंचायत, मेहरागांव	सदस्य
	15.	सरपंच	ग्राम पंचायत, देहरी	सदस्य
(ज)	1.	प्रतिनिधि	इस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर्स इण्डिया का प्रतिनिधि	सदस्य
	2.	प्रतिनिधि	इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इण्डिया का प्रतिनिधि	सदस्य
	3.	प्रतिनिधि	इस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट का प्रतिनिधि	सदस्य
	4.	प्रतिनिधि	जिला कलेक्टर, होशंगाबाद	सदस्य
	5.	प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री-लोक निर्माण विभाग-होशंगाबाद	सदस्य
	6.	प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग होशंगाबाद	सदस्य
	7.	प्रतिनिधि	वन विभाग जिला होशंगाबाद	सदस्य
(झ)		समिति का संयोजक.	उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला-कार्यालय होशंगाबाद, मध्यप्रदेश.	संयोजक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. मुदगल, उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 21 मई 2015

क्र. 1186.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील विदिशा, जिला विदिशा के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

	स्तंभ-(1) भू-भाग का विवरण			स्तंभ-(2) राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नंबर	
क्र.	मूल ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नंबर	पृथक किया गया क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम का नाम	हल्का नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	धमनोदा	71	486.548	ग्रंट	71

क्र. 1187.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील नटेरन, जिला विदिशा के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

	स्तंभ-(1) भू-भाग का विवरण			स्तंभ-(2) राजस्व ग्राम का नाम एवं पटवारी हल्का नंबर	
क्र.	मूल ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नंबर	पृथक किया गया क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम का नाम	हल्का नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	रायखेड़ी	5	158.227	गूदनखेड़ी	5

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. बी. ओझा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिंदवाड़ा, दिनांक 23 मई 2015

क्र. 672.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील छिंदवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम नाम व प. ह. नं. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. नं.
(1)	(2)
ग्राम राजाखोह, प.ह.नं. 37 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल 346.679 हेक्टेयर.	ग्राम राजाखोहढाना, प.ह.नं. 37.

क्र. 673.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील मोहखेड, जिला छिंदवाड़ा के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम नाम व प. ह. नं. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. नं. (2)
ग्राम मुजावर माल, प.ह.नं. 5 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल 336.716 हेक्टेयर.	ग्राम जायदेई, प.ह.नं. 5

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
महेशचन्द्र चौधरी, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छतरपुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छतरपुर, दिनांक 26 मई 2015

प्र. क्र. अ-82-2013-14.—चूंकि, राज्य शासन को समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि का सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है. अत: भूमि-अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30, सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत, इसके लिए, यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन—निजी भूमि

(क) जिला—छतरपुर
(ख) तहसील—राजनगर
(ग) नगर/ग्राम—लखेरी
(घ) लगभग क्षेत्रफल—0.000 हेक्टेयर.

अर्जित की जा रही भूमि की सूची

भूमि का खसरा नं. (1)	मकानों का माप (फिट) में (2)	मकान मालिक का नाम (3)
1527 (म. प्र. शासन आबादी)	16×26	रामचरन तनय कसिया अहिरवार
1526 (म. प्र. शासन आबादी)	53×47	प्यारेलाल तनय स्व. सल्ले पटेल
1558 (म. प्र. शासन गोठान)	80×62	हरिया तनय खुमान पटेल

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है—ललितपुर-सिंगरौली (खजुराहो) नई बड़ी रेल लाइन निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर, भू-अर्जन कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी, राजनगर के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मसूद अख्तर, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश

जबलपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2015

क्र. बा.श्र.-2015-1096.—बंधक श्रम प्रथा उन्मूलन अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976) की धारा 13 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एम-1-1-93-समन्वय, दिनांक 21 मार्च 1997 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, कलेक्टर, जबलपुर द्वारा जिला स्तर के लिए पूर्व में गठित जिला सतर्कता समिति को निम्नानुसार पुर्नगठित किया जाता है:—

जिला स्तरीय सतर्कता समिति—जबलपुर

1.	अध्यक्ष—		कलेक्टर/अपर कलेक्टर
2.	अनु. जाति/जनजाति जिला के (तीन सदस्य) जबलपुर—	(1)	श्री ए. के. नायक, 1035 आशा काम्पलेक्स, बंगाली कालोनी.
		(2)	श्रीमती सुनीता दाहिया, ग्राम छेडी, पोस्ट बडौदा, तहसील पाटन, जिला जबलपुर.
		(3)	श्री राजकुमार भूमिया, ग्राम डुडवारा (खुलरी) पोस्ट गंगई, थाना चरगवां, जबलपुर.
3.	सामाजिक कार्यकर्ता (दो सदस्य)—	(1)	श्रीमती लता सिंह, गांधी स्टूडियो, मन्नूलाल अस्पताल के सामने, दीक्षितपुरा, जबलपुर.
		(2)	श्री चक्रवर्ती, एन. प्लांट नं. 55, गुरूदेव अस्पताल के सामने, दीक्षितपुरा, जबलपुर.
4.	राज्य शासन द्वारा मनोनीत शासकीय (तीन सदस्य)—	(1)	पुलिस अधीक्षक, जबलपुर
		(2)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर
		(3)	सहायक आयुक्त, आदिम जाति विकास, जबलपुर
5.	वित्तीय एवं ऋण स्थापनाओं के प्रतिनिधि (एक सदस्य)—	(1)	प्रबंधक, लीड बैंक, जबलपुर.

क्र. बा.श्र.-2015-1096.—बंधक श्रम प्रथा उन्मूलन अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976) की धारा 13 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एम-1-1-93-समन्वय, दिनांक 21 मार्च 1997 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, कलेक्टर, जबलपुर द्वारा जिला स्तर के लिए पूर्व में गठित जिला सतर्कता समिति को निम्नानुसार पुर्नगठित किया जाता है:—

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति—जबलपुर

1.	अध्यक्ष—		अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जबलपुर
2.	अनु.जाति/जनजाति जिला के (तीन सदस्य) जबलपुर—	(1)	श्रीमती मंहतो बाई परस्ते पति प्रकाश निवासी सालीवाडा, ग्राम पंचायत तुनिया, तह. जबलपुर.
		(2)	श्री भारत मरावी पिता मोहनलाल मरावी, निवासी सिवनी टोला, पोस्ट तिलवारा घाट, तह. जबलपुर.
		(3)	श्री धनश्याम मसराम पिता कमल सिंह मसराम, निवासी ग्राम बरबटी, पोस्ट पिंडरई, तह. जबलपुर.

3.	सामाजिक कार्यकर्ता (दो सदस्य)—	(1)	श्री प्रियेश (मोनू) खरे/दुर्गेश खरे सदस्य, जनपद पंचायत पनागर, निवासी ग्राम ईमलई, तह. पनागर.
		(2)	श्री पंचम पटैल, निवासी ग्राम सुहागी, तह. पनागर.
4.	शासकीय/अशासकीय (दो सदस्य)—	(1)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जबलपुर.
		(2)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पनागर.
5.	वित्तीय एवं ऋण संस्थाओं के प्रतिनिधि एक सदस्य—		शाखा प्रबंधक, जिला भूमि विकास बैंक मर्यादित, पनागर.
6.	धारा 10 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी—		तहसीलदार जबलपुर.

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति—कुण्डम

1.	अध्यक्ष—		अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुण्डम
2.	अनु.जाति/जनजाति जिला के (तीन सदस्य) जबलपुर—	(1)	श्रीमती जमुना मरावी, जिला पंचायत सदस्य, जबलपुर.
		(2)	श्रीमती आराधना महोबिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुण्डम
		(3)	श्री ओंकार सिंह मसराम, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुण्डम
3.	सामाजिक कार्यकर्ता (दो सदस्य)—	(1)	श्री कमलेश साहू, कुण्डम
		(2)	श्री नारायण चनपुरिया, बधराजी
4.	शासकीय/अशासकीय (दो सदस्य)—	(1)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कुण्डम
		(2)	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, कुण्डम
5.	वित्तीय एवं ऋण संस्थाओं के प्रतिनिधि एक सदस्य—		शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, कुण्डम
6.	धारा 10 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी—		तहसीलदार जबलपुर.

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति—पाटन

1.	अध्यक्ष—		अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन
2.	अनु.जाति/जनजाति जिला के (तीन सदस्य) जबलपुर—	(1)	श्री मुकेश दाहिया, जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत झामर, तहसील पाटन.
		(2)	श्रीमती आशा बाई गौंड़, जनपद सदस्य ग्राम पंचायत, रियाना
		(3)	श्री राजेन्द्र सिंह उर्फ मोनू जनपद सदस्य ग्राम पंचायत सहजपुर, तहसील शहपुरा.
		(4)	श्रीमती मालती उर्फ सम्मा बाई, ग्राम पंचायत सिहौदा, थाना भेडाघाट, तहसील शहपुरा.
3.	सामाजिक कार्यकर्ता (दो सदस्य)—	(1)	श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, गुरू मोहल्ला पाटन
		(2)	श्री बालचंद जैन, बाजार वार्ड पाटन
4.	शासकीय/अशासकीय (दो सदस्य)—	(1)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन
		(2)	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, पाटन

5.	वित्तीय एवं ऋण संस्थाओं के प्रतिनिधि एक सदस्य—	श्री बी. बी. रावत, प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाटन.
6.	धारा 10 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी—	(1) तहसीलदार पाटन (2) तहसीलदार शहपुरा.

उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति—सिहोरा

1.	अध्यक्ष—	अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा
2.	अनु.जाति/जनजाति जिला के (तीन सदस्य) जबलपुर—	(1) श्रीमती उर्मिला दाहिया अध्यक्ष जनपद पंचायत मझौली (2) श्री बिहारी लाल दाहिया ग्राम बेला (3) श्री अनिल कुमार चौधरी ग्राम कछपुरा
3.	सामाजिक कार्यकर्ता (दो सदस्य)—	(1) श्रीमती अंजना सराफ, वार्ड नं. 6 सिहोरा (2) श्री संजय खरया, ग्राम तलाड तह. मझौली
4.	शासकीय/अशासकीय (दो सदस्य)—	(1) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सिहोरा (2) विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मझौली
5.	वित्तीय एवं ऋण संस्थाओं के प्रतिनिधि एक सदस्य—	(1) शाखा प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक सिहोरा
6.	धारा 10 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी—	(1) तहसीलदार सिहोरा

शिवनारायण रूपला, कलेक्टर

कार्यालय, कलेक्टर, एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश

छिन्दवाड़ा, दिनांक 13 मई 2015

क्र. 7748-व.लि.-2015.—छिन्दवाड़ा जिले में संक्रामक रोग हैजा के फैलने की आशंका के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इस संसर्गिक बीमारी का प्रादुर्भाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय तुरन्त लागू किये जावे.

अत: मैं, महेश चन्द्र चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला छिन्दवाड़ा में मध्यप्रदेश हैजा विनियम-1979 के नियम-3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देता हूं कि:—

1. अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, उपाहारगृहों, भोजनशाला, होटलों, जनता के लिये खाद्य पदार्थ निर्माण कार्य करने या उनके प्रयोग करने के लिये कायम रखी गयी स्थापना में विक्रय या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में आाये गये स्थानों पर:—

(क) बासी मिठाईयों तथा नमकीन वस्तुओं, व सड़े-गले फलों, व सब्जियों, मास-मछली अण्डों की बिक्री प्रतिनिषिद्ध रहेगी.

(ख) बासी मिठाईयों व नमकीन वस्तुओं, फल, सब्जियों, दूध, दही, उबली हुई चाय, काफी, शर्बत, मांस-मछली, कुल्फी, आईसक्रीम, आदि पदार्थ बर्फ के लड्डू व चूसने वाले पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जायेंगे. उन्हें जालीदार ढक्कनों अथवा कांच के बंद शोकेस, बंद अलमारी अथवा पारदर्शी आवरण से ढक कर इस प्रकार रखा जावेंगे ताकि वे मक्खी, मच्छर आदि जन्तुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिये दूषित या अस्वास्थ्यकार या अनुपयोगी न हो सकें.

2. इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचित क्षेत्र के बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण-1 (क एवं ख) में उल्लेखित वस्तुओं तथा पकाये गये भोजन को न तो लायेगा / न ही ले जायेगा.

इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी बाजार भवन, स्कूल स्टाल अथवा खाने पीने की

किसी भी वस्तु या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थान प्रवेश करने निरीक्षण करने उनमें विद्यमान ऐसी वस्तु की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तु के विक्रय का मानव उपयोग अभिप्रेत है और जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है, तो दण्ड प्रक्रिया सहिंता की धारा 95 व 165 में उल्लेखित की गई रीति से पाई गई अस्वस्थ्य कारक दूषित व अनुपयुक्त वस्तुओं का अधिग्रहण कराकर हटाने व नष्ट कर या उसके ऐसी रीति से निर्वतन करने के लिये जिससे वह मानव उपयोग में लाये जाने से रोकी जा सके. जनहित में मध्यप्रदेश खाद्य उपमिश्रण निवारण नियम, 1962 के नियम 5(5) के अन्तर्गत खाद्य पदार्थों के विक्रय संग्रह एवं निर्माण हेतु जारी किये खाद्य लायसेंस निलंबित और मध्यप्रदेश खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 की धारा 7 के अन्तर्गत प्रतिबंध किये जावेंगे एवं न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी, धारा 16 के तहत जिसमें दण्ड में सजा एवं जुर्माना का प्रावधान किया गया है. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं:—

1. समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक / खण्ड चिकित्सा अधिकारी.
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी.
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत/जनपद पंचायत.
5. नगर के स्वास्थ्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक.
6. खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक.

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्ही भी नालों, नालियों, गटरों, पानी के गड्डों, पोखर, मलकुण्डों, संडासों संक्रामक वस्त्रों, बिस्तरों, कुडा-करकट अथवा किसी प्रकार की गंदगी को हटाने उक्त स्थापन को स्वच्छ और रोग कीटाणु से उसका निर्वचन करने अथवा उसके संबंध में समुचित रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के लिये आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होंगे तथा आगामी छः माह की अवधि या अन्य आदेश तक जो भी पहले हो प्रभावशील होंगे.

क्र. 7749-व.लि..-2015.—मध्यप्रदेश आपत्तिक हैजा विनियम 1979 के नियम-3 के अन्तर्गत हैजा, ज्वर, आंत्रशोध रोग के फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए मैं, महेश चन्द्र चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, छिन्दवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा की संपूर्ण सीमा को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करता हूं. इसी विनियम के नियम-2 के उप नियम (घ) एवं (ङ) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छिन्दवाड़ा जिले के समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक सर्जन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, खाद्य निरीक्षक (खाद्य विभाग) स्वास्थ्य निरीक्षक नगरपालिका उक्त समस्त संबंधितों को उक्त अधिसूचना में दर्शित अवधि के लिये उल्लेखित अधिकारी के रूप में प्राधिकृत करता हूं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिन्दवाड़ा को निर्देश देता हूं कि इस संबंध में शासनादेश को पूर्ण पालन करना सुनिश्चित करें, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जावे.

महेश चन्द्र चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश

नरसिंहपुर, दिनांक 14 मई 2015

क्र. 6658-वलि-1-15-44-2015.—नरसिंहपुर जिले में संक्रामक रोग हैजा के फैलने की आशंका के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इस संसर्गिक बीमारी का प्रादुर्भाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय तुरन्त लागू किये जाये.

अतः मैं, नरेश पाल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला नरसिंहपुर में मध्यप्रदेश हैजा विनियम-1979 के नियम-3 के अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देता हूं कि:—

1. अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, उपाहारगृहों, भोजनशाला, होटलों, जनता के लिये खाद्य पदार्थ निर्माण कार्य करने या उनके प्रयोग करने के लिये कायम रखी गयी स्थापना में विक्रय या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में आये गये स्थानों पर:—

   (क) बासी मिठाईयों तथा नमकीन वस्तुओं, व सड़े-गले फलों, व सब्जियों, मास-मछली अण्डों की बिक्री प्रतिनिषिद रहेगी.

   (ख) बासी मिठाईयों व नमकीन वस्तुओं, फल, सब्जियां, दूध, दही, उबली हुई चाय, काफी, शर्बत, मांस-मछली, कुल्फी, आईसक्रीम, आदि पदार्थ बर्फ के लड्डू व चूसने वाले तरल पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जायेंगे. उन्हें जालीदार ढक्कनों अथवा कांच के बंद शोकेस, बंद अलमारी अथवा पारदर्शी आवरण से ढक कर इस प्रकार रखा जावेंगे ताकि वे मक्खी, मच्छर आदि जन्तुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिये दूषित अस्वास्थ्यकार या अनुपयोगी न हो सकें.

2. इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचित क्षेत्र के बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण-1 (क एवं ख) में उल्लेखित वस्तुओं तथा पकाये गये भोजन को न तो लायेगा / न ही ले जायेगा.

इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी बाजार भवन, दुकान स्टाल अथवा खाने पीने की किसी भी वस्तु के निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थान प्रवेश करने निरीक्षण करने उनमें विद्यमान ऐसी वस्तु की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तु के विक्रय का मानव उपयोग अभिप्रेत है और जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है, तो दण्ड प्रक्रिया सहिंता की धारा 95 व 165 में उल्लेखित की गई रीति से पाई गई अस्वस्थ्य कारक दूषित व अनुपयुक्त वस्तुओं का अधिग्रहण कराकर हटाने व नष्ट कर या उसके ऐसी रीति से निर्वतन करने के लिये जिससे वह मानव उपयोग में लाये जाने से रोकी जा सके. जनहित में मध्यप्रदेश खाद्य उपमिश्रण निवारण नियम, 1962 के नियम 5(5) के अन्तर्गत खाद्य पदार्थों के विक्रय संग्रह एवं निर्माण हेतु जारी किये खाद्य लायसेंस निलंबित और मध्यप्रदेश खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 की धारा 7 के अन्तर्गत प्रतिबंध किये जावेंगे एवं न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी, धारा 16 के तहत जिसमें दण्ड में सजा एवं जुर्माना का प्रावधान किया गया है. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं:—

1. समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक / खण्ड चिकित्सा अधिकारी.
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत/जनपद पंचायत.
5. नगर के स्वास्थ्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक
6. खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्ही भी नालों, नालियों, गटरों, पानी के गड्ढों, पोखर, मलकुण्डों, संडासों संक्रामक वस्त्रों, बिस्तरों, कुडा-करकट अथवा किसी प्रकार की गंदगी को हटाने उक्त स्थापन को स्वच्छ और रोग कीटाणु से उसका निर्वचन करने अथवा उसके संबंध में समुचित रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के लिये आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होंगे तथा आगामी छः माह की अवधि या अन्य आदेश तक जो भी पहले हो प्रभावशील होंगे.

नरेश पाल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

भोपाल, दिनांक 20 मई 2015

क्र. 5456-एनआर-14-लोकपाल-3-2015.—लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्र. 154-स.स.समिति-चयन-2013 भोपाल, दिनांक 24 अक्टूबर 2013 के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के आदेश क्र. 1160-एनआर-14-लोकपाल-3-2015, दिनांक 9 फरवरी 2015 द्वारा श्रीमती नीता पहारिया, सदस्य संभागीय सतर्कता समिति ग्वालियर एवं चम्बल संभाग के भिण्ड एवं मुरैना जिलों के लिए मनरेगा लोकपाल नियुक्त किया गया था.

लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्र. 120/मनरेगा लोकपाल/2015, दिनांक 22 अप्रैल 2015 द्वारा लेख किया है कि उपरोक्त आदेश के तहत श्रीमती नीता पहारिया, लोकपाल पद पर कार्य करने हेतु अनिच्छुक है. अतः आदेश निरस्त किया जाये.

एतद्द्वारा मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल, मध्यप्रदेश के आदेश क्र. 1160-एनआर-14-लोकपाल-3-2015, भोपाल, दिनांक 9 फरवरी 2015 निरस्त किया जाता है.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

संजीव कुमार झा, सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश

सिवनी, दिनांक 21 मई 2015

क्र. 5046-एस. डब्ल्यू.-15.—वर्तमान समय में तापमान/मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सिवनी जिले में संक्रामक रोग "हैजा के फैलने की आशंका के कारण" तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इस संसर्गिक बीमारी का प्रादुर्भाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय तुरन्त लागू किये जायें

अतः मैं, भरत यादव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सिवनी में मध्यप्रदेश हैजा विनियम-1979 के नियम-3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देता हूं कि:—

1. अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, उपाहारगृहों, भोजनालय, होटलों, जनता के लिये खाद्य पदार्थ निर्माण कार्य करने या उनके प्रयोग करने के लिये कायम रखी गई स्थापना में विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में आये गये स्थानों पर:—

(अ) बासी मिठाईयों व नमकीन वस्तुओं व सड़े-गले फलों, व सब्जियों, मास-मछली व अण्डों की बिक्री प्रतिनिषिद रहेगी.

(ब) बासी मिठाईयों तथा नमकीन वस्तुओं, फल सब्जियों, दूध, दही, उबली हुई चाय, काफी, शर्बत, मांस-मछली, कुल्फी, आईसक्रीम आदि पदार्थ बर्फ के लड्डू व चूसने वाले तरल पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जायेंगे. उन्हें जालीदार ढक्कनों अथवा कांच के बंद शोकेस, बंद अलमारी अथवा पारदर्शी आवरण से ढक कर इस प्रकार रखा जावेंगे ताकि वे मक्खी, मच्छर आदि जन्तुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिये दूषित अस्वास्थ्यकार या अनुपयोगी न हो सकें.

2. इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण-1 (अ एवं ब) में उल्लेखित वस्तुओं तथा पकाये गये भोजन को न तो लायेगा न ही ले जायेगा.

इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी बाजार भवन, दुकान स्टाल अथवा खाने- पीने की किसी भी वस्तु के निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थान प्रवेश करने निरीक्षण करने उनमें विद्यमान ऐसी वस्तु की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तु के विक्रय का मानव उपयोग अभिप्रेत है जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है, तो दण्ड प्रक्रिया सहिंता की धारा 95 व 165 में उल्लेखित की गई रीति से पाई गई अस्वस्थ्यकारक दूषित व अनुपयुक्त वस्तुओं का अधिग्रहण कराकर हटाने व नष्ट कर या उसको ऐसी रीति से निर्वतन करने के लिये जिससे वह मानव उपयोग में लाये जाने से रोकी जा सके. जनहित में मध्यप्रदेश खाद्य उपमिश्रण निवारण नियम, 1962 के नियम 5(5) के अन्तर्गत खाद्य पदार्थों के विक्रय संग्रह एवं निर्माण हेतु जारी किये खाद्य लायसेंस निलंबित और मध्यप्रदेश खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 की धारा 7 के अन्तर्गत प्रतिबंध किये जावेंगे एवं न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी, धारा 16 के तहत जिसमें दण्ड में सजा एवं जुर्माना का प्रावधान किया गया है. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं:—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी
2. समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला सिवनी
